**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ______________________

   (Name) ______________________

2. (Signature) ______________________

   (Name) ______________________

**OMR Sheet No. :** ...............................................
(To be filled by the Candidate)

**Roll No.** | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

**Roll No.** ______________________
(In words)

**D 0 3 1 5**

# PAPER - II
# PHILOSOPHY

**Time : 1¼ hours]** **[Maximum Marks : 100**

Number of Pages in this Booklet : **24** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered on the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (1), (2), (3) and (4). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** ① ② ● ④ where (3) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark your response at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There are no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका का नंबर OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक का नंबर इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (1), (2), (3) तथा (4) दिये गये हैं। आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।
   **उदाहरण :** ① ② ● ④ जबकि (3) सही उत्तर है।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं। यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिन्हांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें। हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा।

## PHILOSOPHY

## PAPER - II

Note : This paper contains fifty (50) objective type questions of two (2) marks each. All questions are compulsory.

1. *Ṛta* in its moral sense may be equated with :

   (1) *Artha* (2) *Mokṣa* (3) *Satya* (4) *Niṣedha*

2. Which of the following is indicative of *Ārthibhāvanā* ?

   (1) *The Yaj Dhātu* (2) *Liṅga* (3) *Nipāta* (4) *Ākhyāta*

3. Which of the following theory accepts *Khyāti* as *Smṛtipramoṣa* ?

   (1) *Asat Khyāti* (2) A*khyāti*

   (3) *Anirvacanīya Khyāti* (4) *Sat Khyāti*

4. The kind of knowledge that reveals the mental states of others is known in Jaina Philosophy as :

   (1) *Avadhi* (2) *Kevala* (3) *Mati* (4) *Manaḥparyāya*

5. According to the Naiyāyikas we can perceive all cases of smoke only by :

   (1) *Yogaja pratyāṣatti* (2) *Sāmānyalakṣaṇa pratyāṣatti*

   (3) *Jñānalakṣaṇa pratyāṣatti* (4) *Samavāya sannikarṣa*

6. By what type of perception, according to Nyāya one can perceive the objects of past, present and future ?

   (1) *Sāmānyalakṣaṇa* (2) *Yogaja* (3) *Śrāvaṇa* (4) *Jñānalakṣaṇa*

7. 'Fire is cold because it is a substance'.

   What type of fallacy is committed by the above argument according to the Nyāya ?

   (1) *Viruddha* (2) *Asiddha* (3) *Bādha* (4) *Satpratipakṣa*

## फिलॉसफी / दर्शनशास्त्र

### प्रश्नपत्र – II

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु–विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

1. नैतिक संदर्भ में अधोलिखित में से किसके साथ *ऋत* की साम्यता संभव है ?

   (1) *अर्थ* (2) *मोक्ष* (3) *सत्य* (4) *निषेध*

2. निम्नलिखित में कौन *अर्थीभावना* का संकेतक है ?

   (1) *यज् धातु* (2) *लिंग* (3) *निपात* (4) *अख्यात*

3. निम्नलिखित में से कौन सा सिद्धांत *ख्याति* को *स्मृतिप्रमोष* के रूप में स्वीकार करता है ?

   (1) *असत् ख्याति* (2) *अख्याति*

   (3) *अनिर्वचनीय ख्याति* (4) *सत् ख्याति*

4. दूसरों की मानसिक स्थिति को प्रकट करने के ज्ञान को जैन दर्शन में निम्नलिखित में से किस रूप में जाना जाता है ?

   (1) *अवधि* (2) *केवल* (3) *मति* (4) *मन:पर्याय*

5. नैयायिकों के अनुसार, सभी प्रकार की धूम्र घटनाओं को हम जान सकते हैं, मात्र :

   (1) *योगज प्रत्यासत्ति* से (2) *सामान्यलक्षण प्रत्यासत्ति* से

   (3) *ज्ञानलक्षण प्रत्यासत्ति* से (4) *समवाय सन्निकर्ष* से

6. न्याय की किस अवधारणा के अनुसार, एक व्यक्ति भूतकाल, वर्तमान और भविष्य की वस्तुओं का अनुभव कर सकता है ?

   (1) *सामान्यलक्षण से* (2) *योगज से* (3) *श्रावण से* (4) *ज्ञानलक्षण से*

7. 'अग्नि शीतल है क्योंकि यह एक द्रव्य है।'

   न्याय के अनुसार उपर्युक्त तर्क में किस प्रकार का दोष है ?

   (1) *विरुद्ध* (2) *असिद्ध* (3) *बाध* (4) *सत्प्रतिपक्ष*

8. Match Set - I with Set - II and select the code which is correctly matched :

| | Set - I | | Set - II |
|---|---|---|---|
| (a) | *Prāgābhāva* | (i) | Nyāya |
| (b) | *Pramāṇābhāva* | (ii) | Mīmāṁsā |
| (c) | *Prājña* | (iii) | Vaiśeṣika |
| (d) | *Pramānasaṁplava* | (iv) | Vedānta |

Codes :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (3) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (4) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |

9. In the context of *Abhāva*, what does '*Jala*' in the statement '*Jale Gandho Nāsti*' stands for :

(1) *Pratiyogī* (2) *Anuyogī*

(3) *Anuyogitā* (4) *Pratiyogitāvachedakdharma*

10. '*Ākāśatva*' inneres in *Ākāśa* as :

(1) *Guṇa - Guṇī bhāva* (2) *Avayava - Avayavī bhāva*

(3) *Jāti - Vyakti bhāva* (4) *Viśeṣa - Nityadravya bhāva*

11. ''The total energy remains the same while the world is constantly evolving, cause and effect are only more or less evolved forms of the same ultimate energy'' is the view upheld by :

(1) *Vedānta* (2) *Sāṁkhya* (3) *Nyāya* (4) *Buddhism*

12. According to Cārvāka the so called self is nothing but the :

(1) Body itself (2) Consciousness itself

(3) Body with Consciousness (4) Body without Consciousness

13. What type of *Kāraṇa* of *Jñāna* the self is according to the Nyāya ?

(1) *Samavāyī* (2) *Asamavāyī* (3) *Nimitta* (4) *Upādāna*

8. **सूची**-I को **सूची**-II के साथ सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूटों में से **सही** का चयन कीजिए :

| | **सूची** - I | | **सूची** - II |
|---|---|---|---|
| (a) | *प्रागाभाव* | (i) | न्याय |
| (b) | *प्रमाणाभाव* | (ii) | मीमांसा |
| (c) | *प्राज्ञ* | (iii) | वैशेषिका |
| (d) | *प्रमाणसम्प्लव* | (iv) | वेदांत |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (3) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (4) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |

9. *अभाव* के संदर्भ में, *'जले गंधो नास्ति'* कथन में, *'जल'* से क्या अभिप्राय है ?

(1) *प्रतियोगी*
(2) *अनुयोगी*
(3) *अनुयोगिता*
(4) *प्रतियोगितावच्छेदकधर्म*

10. *आकाश* में '*आकाशत्व*' निम्नलिखित में से किस भाव से निहित है ?

(1) *गुण-गुणी भाव*
(2) *अवयव-अवयवी भाव*
(3) *जति-व्यक्ति भाव*
(4) *विशेष-नित्यद्रव्य भाव*

11. ''संसार के निरंतर विकसित होने पर भी कुल ऊर्जा समान रहती है, एवं कारण-कार्य भी उसी शक्ति कमोवेश विकसित रूप है'' - यह विचारधारा निम्नलिखित में किसके द्वारा अनुमोदित की गई है ?

(1) *वेदांत*
(2) *सांख्य*
(3) *न्याय*
(4) *बौद्ध दर्शन*

12. चार्वाक के अनुसार तथाकथित आत्मा कुछ भी नहीं है; अपितु :

(1) शरीर ही है
(2) चेतना ही है
(3) चेतनायुक्त शरीर है
(4) चेतनारहित शरीर है

13. न्याय के अनुसार *ज्ञान* के किस प्रकार का *कारण* आत्मा है ?

(1) *समवायी*
(2) *असमवायी*
(3) *निमित्त*
(4) *उपादान*

14. 'The hill is fiery because it possesses blue smoke'. This inference according to Nyāya commits the fallacy of :

(1) *Anaikāntika* (2) *Āśrayāsiddha* (3) *Vyāpyatvāsiddha* (4) *Bādhita*

15. The status of *Jagat* according to Śaṁkara is :

(1) *Sat* (2) *Asat* (3) *Sadasadvilakṣaṇa* (4) *Sadāsat*

16. *Īśvara* according to Rāmānuja is :

(1) Only *Nimittakāraṇa* of the world.

(2) Only *Upādānakāraṇa* of the world.

(3) *Abhinnanimittopādāna kāraṇa* of the world

(4) Akāraṇa

17. Madhva's interpretation of the *mahāvākya* : '*ahaṁbrahmāsmi*' means :

(1) *Tādātmya* of *Jīva* and *Brahman* (2) *Sādṛsya* of *Jīva* and *Brahman*

(3) *Jīva* as *Viśeṣaṇa* of *Brahman* (4) *Prakāra - Prakāri* of *Jīva* and *Brahman*

18. Match List - I with List - II and choose the correct answer with the help of codes given below :

| | List - I | | List - II |
|---|---|---|---|
| (a) | Vidyāraṇya | (i) | *Tattvaprakāsikā* |
| (b) | Sriniwās | (ii) | *Vedāntapārijāta* |
| (c) | Jayatīrtha | (iii) | *Pañcadaśi* |
| (d) | Niṁbārka | (iv) | *Yatīndramatadīpikā* |

Codes :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (2) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (3) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (4) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

14. 'पर्वत में अग्नि है क्योंकि वहाँ नील धूम्र है' न्याय के अनुसार इस अनुमान में दोष है :

(1) *अनैकांतिक* (2) *आश्रयासिद्ध* (3) *व्याप्यत्वासिद्ध* (4) *बाधित*

15. शंकर के अनुसार *जगत* की स्थिति है :

(1) *सत्* (2) *असत्* (3) *सदासद्विलक्षण* (4) *सदासत्*

16. *रामानुज* के अनुसार *ईश्वर* है :

(1) जगत का केवल *निमित्तकारण*

(2) जगत का केवल *उपादानकारण*

(3) जगत का *अभिन्ननिमित्तोपादान कारण*

(4) अकारण

17. *महावाक्य 'अहंब्रह्मास्मि'* की मध्व की व्याख्या का अर्थ है :

(1) *जीव* और *ब्रह्म* का *तादात्मय* (2) *जीव* और *ब्रह्म* का *सादृश्य*

(3) *जीव ब्रह्म* का *विशेषण* है (4) *जीव* और *ब्रह्म* का *प्रकार-प्रकारी स्वरूप*

18. **सूची** - I को **सूची** - II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये गये कूटों की सहायता से **सही** उत्तर चुनें :

| **सूची** - I | | **सूची** - II | |
|---|---|---|---|
| (a) | विद्यारण्य | (i) | *तत्त्वप्रकाशिका* |
| (b) | श्रीनिवास | (ii) | *वेदान्तपारिजात* |
| (c) | जयतीर्थ | (iii) | *पञ्चदशी* |
| (d) | निम्बार्क | (iv) | *यतीन्द्रमतदीपिका* |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (2) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (3) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (4) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

19. Which one of the following is not accepted by Ambedkar ?

(1) Liberty, Equality, Fraternity
(2) Education, Organisation, Agitation
(3) Caste, Varṇa, Karma
(4) Buddha, Dhamma, Sangha

20. Which one of the following is admitted by Tagore to be the essential aspect of human being ?

(1) Physical and Mental
(2) Vital and Mental
(3) Physical and Spiritual
(4) Mental and Spiritual

21. Match List - I with List - II and choose the correct answer with the help of codes given below :

| | List - I | | List - II |
|---|---|---|---|
| (a) | Gandhi | (i) | Life Ahead |
| (b) | Tagore | (ii) | The Recovery of Faith |
| (c) | Radhakrishnan | (iii) | Crisis in Civilization |
| (d) | J. Krishnamurti | (iv) | The Art of Living |

Codes :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (2) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (3) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (4) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |

22. What is the correct sequence of the following in the evolutionary process, according to Sri Aurobindo ?

(1) Overmind, Higher mind, Illumined mind, Intuitive mind
(2) Higher mind, Illumined mind, Intuitive mind, Overmind
(3) Illumined mind, Higher mind, Intuitive mind, Overmind
(4) Intuitive mind, Higher mind, Illumined mind, Overmind

23. The creation according to the Vaiśeṣikas starts with the conjunction of atoms by :

(1) The *svabhāva* of the atoms
(2) The will of God
(3) Productive mechanism
(4) Accident

19. निम्नलिखित में से कौन सा अम्बेडकर द्वारा स्वीकार **नहीं** किया गया है ?

(1) स्वतन्त्रता, समानता, बन्धुत्व (2) शिक्षा, संगठन, आन्दोलन

(3) जाति, वर्ण, कर्म (4) बुद्ध, धम्म, संघ

20. निम्नलिखित में से किसे टैगोर द्वारा मनुष्य के लिए अनिवार्य पक्ष माना गया है ?

(1) शारीरिक एवं मानसिक (2) प्राणिक एवं मानसिक

(3) भौतिक एवं आध्यात्मिक (4) मानसिक एवं आध्यात्मिक

21. **सूची** - I को **सूची** - II से सुमेलित करें तथा नीचे दिये गये कूट से **सही** उत्तर का चयन करें :

| | **सूची** - I | | **सूची** - II |
|---|---|---|---|
| (a) | गाँधी | (i) | लाइफ अहेड |
| (b) | टैगोर | (ii) | दी रिकवरी ऑफ फेथ |
| (c) | राधाकृष्णन् | (iii) | क्राइसिस इन सिविलाइजेशन |
| (d) | जे. कृष्णमूर्ति | (iv) | दी आर्ट ऑफ लीविंग |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (2) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (3) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (4) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |

22. श्री अरविन्द के अनुसार विकास की प्रक्रिया में निम्नलिखित का **सही** क्रम क्या है ?

(1) ऊर्ध्वमन, उच्चतर मन, प्रदीप्त मन, अन्तर्भासिक मन

(2) उच्चतर मन, प्रदीप्त मन, अन्तर्भासिक मन, ऊर्ध्वमन

(3) प्रदीप्त मन, उच्चतर मन, अन्तर्भासिक मन, ऊर्ध्वमन

(4) अन्तर्भासिक मन, उच्चतर मन, प्रदीप्त मन, ऊर्ध्वमन

23. वैशेषिक के अनुसार सृष्टि परमाणुओं के संयोग से प्रारंभ होती है :

(1) परमाणु के *स्वभाव* के द्वारा (2) ईश्वरीय इच्छा के द्वारा

(3) उत्पादक व्यवस्था के द्वारा (4) आकस्मिक

24. *Pratityasamutpāda* in Buddhist Philosophy means :

(1) The effect pre - exists in its cause

(2) The existence of everything is momentary

(3) The existence of everything is conditional

(4) Whatever is, is eternal

25. Which one among the following according to the Sāṁkhya cannot be the reason for the existence of *Prakṛti* ?

(1) *Bhedānām parimāṇāt* (2) *Samanvayāt*

(3) *Bhoktṛbhāvāt* (4) *Kāraṇa-kārya vibhāgāt*

26. Consider the following statements in the light of philosophy of St. Thomas Aquinas and mark the correct code :

(a) Philosophy passes from facts to God and theology from God to facts.

(b) He made a distinction between reason and faith and argued that matters of faith such as revealed truths are beyond reason, but not contrary to reason.

(c) Faith is a matter of will and the will commands acceptance.

Codes :

(1) Only (a) is true (2) Only (b) is true

(3) Only (a) and (c) are true (4) (a), (b) and (c) are true

27. Match List - I with List - II and choose the correct answer with the help of code given below :

| | List - I | | List - II |
|---|---|---|---|
| (a) | Protagoras | (i) | Whatever is 'is', we cannot know 'is not' |
| (b) | Gorgias | (ii) | Man is the measure of all things |
| (c) | Thrasymachus | (iii) | Nothing exists, even if it exists it cannot be known |
| (d) | Parmenides | (iv) | Justice is the interest of the strong |

Codes :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (3) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (4) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |

24. बौद्ध दर्शन में *प्रतीत्यसमुत्पाद* से अभिप्राय है :

(1) कारण में कार्य पूर्व-स्थित होता है

(2) प्रत्येक वस्तु का अस्तित्व क्षणिक है

(3) प्रत्येक वस्तु का अस्तित्व सशर्त होता है

(4) जो कुछ भी है, शाश्वत है

25. निम्नलिखित में से कौन सा एक, सांख्य के अनुसार, *प्रकृति* की सत्ता के लिए कारण नहीं हो सकता ?

(1) *भेदानाम् परिमाणात्* (2) *समन्वयात्*

(3) *भोक्तृभावात्* (4) *कारण-कार्य विभागात्*

26. निम्नलिखित कथनों पर सेंट थॉमस एक्वीनस के दर्शन के परिप्रेक्ष्य में विचार कीजिए और **सही** कूट का चयन कीजिए :

(a) दर्शनशास्त्र तथ्यों से ईश्वर और धर्मशास्त्र ईश्वर से तथ्यों पर विचार करता है।

(b) उसने तर्क बुद्धि और विश्वास के बीच अंतर किया और यह तर्क दिया कि आस्था के विषय जैसे दैवी प्रकाशना आदि तर्क बुद्धि से परे हैं किन्तु उसके विरोधी नहीं है।

(c) आस्था इच्छा का विषय है और इच्छा उस स्वीकृति को निर्देशित करती है।

**कूट :**

(1) केवल (a) सही है (2) केवल (b) सही है

(3) केवल (a) और (c) सही हैं (4) (a), (b) और (c) सही हैं

27. **सूची** - I के साथ **सूची** - II को सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूटों में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची** - I | | **सूची** - II | |
|---|---|---|---|
| (a) | प्रोटागोरस | (i) | जो कुछ है 'है' जो 'है नहीं', उसे जाना नहीं जा सकता |
| (b) | जार्जियस | (ii) | मनुष्य सभी वस्तुओं का मानदंड है |
| (c) | थ्रेसीमेकस | (iii) | किसी का अस्तित्व नहीं है, यदि है तो इसे नहीं जाना जा सकता |
| (d) | पार्मेनाइडीज | (iv) | न्याय शक्तिशालियों का हित है |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (3) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (4) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |

28. Which one of the following philosophers of Medieval period stated : ‘‘Understand in order that you may believe, believe in order that you may understand. Some-things we do not believe unless we understand them; others we do not understand unless we believe.’’

(1) St. Anselm
(2) St. Aquinas
(3) St. Augustine
(4) William Occam

29. Consider the following statements in the light of Pythagoras and mark the correct code :

(a) Pythagoreans believed in the Idea of eternal recurrence.

(b) Pythagoreans held that the soul was immortal and it undergoes a sequence of re-birth.

(c) Pythagoreans rejected the view that the process of the world is endless and unchanging.

Codes :

(1) Only (a) is true
(2) Only (b) is true
(3) Only (a) and (c) are true
(4) Only (a) and (b) are true

30. Choose the correct order from lowest to the highest with reference to Plato’s theory of knowledge.

(1) Knowledge derived from senses, conjectural knowledge, discursive intellect, rational insight.

(2) Conjectural knowledge, knowledge derived from senses, discursive intellect, rational insight.

(3) Knowledge derived from senses, conjectural knowledge, rational insight, discursive intellect.

(4) Discursive intellect, conjectural knowledge, knowledge derived from senses, rational insight.

31. Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R). Considering (A) and (R) in the light of Aristotelian Theory of Categories mark the correct code.

Assertion (A) : Substance is pre-eminent among categories.

Reason (R) : Substance is that which is predicable of a subject and present in a subject.

Codes :

(1) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(3) (A) is true but (R) is false.

(4) (A) is false but (R) is true.

28. निम्नलिखित में से किस मध्यकालीन दार्शनिक ने कहा था : ''इस प्रकार से समझे कि आप विश्वास कर सकें, विश्वास इस प्रकार करें कि आप समझ सकें। कुछ बातों पर हम तब तक विश्वास नहीं करते जब तक उन्हें समझ नहीं लेते; या फिर हम तब तक नहीं समझते जब तक कि हम विश्वास नहीं करते।''

(1) सेंट एन्सल्म
(2) सेंट एक्वीनस
(3) सेंट ऑगस्टीन
(4) विलियम ओकैम

29. निम्नलिखित कथनों पर पाइथागोरस के दृष्टिकोण से विचार करें और **सही** कूट का चयन करें :

(a) पाइथागोरस शाश्वत पुन: आवर्तन की अवधारणा में विश्वास रखता था।
(b) पाइथागोरस का विचार था कि आत्मा अमर है और इसका पुनर्जन्म होता है।
(c) पाइथागोरस ने इस विचार को अस्वीकृत किया कि विश्व की प्रक्रिया अंतहीन और अपरिवर्तनीय है।

**कूट :**

(1) केवल (a) सही है
(2) केवल (b) सही है
(3) केवल (a) और (c) सही हैं
(4) केवल (a) और (b) सही हैं

30. प्लेटो के ज्ञान के सिद्धांत के संदर्भ में न्यूनतम से अधिकतम के **सही** क्रम का चयन करें।

(1) ज्ञानेन्द्रियों से उत्पन्न ज्ञान, काल्पनिक ज्ञान, विमर्शात्मक प्रज्ञा बुद्धी, तर्कबुद्धिपरक अंतर्दृष्टी
(2) काल्पनिक ज्ञान, ज्ञानेन्द्रियों से उत्पन्न ज्ञान, विमर्शात्मक प्रज्ञा बुद्धी, तर्कबुद्धिपरक अंतर्दृष्टी
(3) ज्ञानेन्द्रियों से उत्पन्न ज्ञान, काल्पनिक ज्ञान, तर्कबुद्धिपरक अंतर्दृष्टी, विमर्शात्मक प्रज्ञा बुद्धी
(4) विमर्शात्मक प्रज्ञा बुद्धी, काल्पनिक ज्ञान, ज्ञानेन्द्रियों से उत्पन्न ज्ञान, तर्कबुद्धिपरक अंतर्दृष्टी

31. नीचे दिए गए कथनों में से एक को **अभिकथन** (A) और दूसरे को **तर्क** (R) की संज्ञा दी गई है। अरस्तु के कोटि-सिद्धांत के आलोक में (A) और (R) पर विचार करते हुए **सही** कूट का चयन करें।

**अभिकथन** (A) : पदार्थों में द्रव्य प्रमुख हैं।

**तर्क** (R) : द्रव्य वह है जो उद्देश्य का विधेय हो सकता है और उद्देश्य में निहित है।

**कूट :**

(1) दोनों (A) और (R) सही हैं और (A) की सही व्याख्या (R) है।
(2) दोनों (A) और (R) सही हैं लेकिन (A) की सही व्याख्या (R) नहीं है।
(3) (A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(4) (A) गलत है लेकिन (R) सही है।

32. The Doctrine of 'innate ideas' is acceptable to :

(1) Descartes and Spinoza (2) Descartes and Berkeley

(3) Descartes and Hume (4) Locke and Fitche

33. 'Ontological Argument' in favour of the existence of God was popularized by :

(1) Descartes (2) Descartes and St. Anselm

(3) Hume (4) Berkeley

34. Which one of the following correctly depicts Locke's conception of 'Idea' ?

(1) Whatsoever the mind indirectly apprehends; which is the immediate object of perception, thought or understanding.

(2) Whatsoever the mind directly apprehends; which is the immediate object of perception, thought or understanding.

(3) Whatsoever the mind indirectly apprehends; which is the mediate object of perception, thought or understanding.

(4) Whatsoever the mind directly apprehends; which is the mediate object of perception, thought or understanding.

35. Which one of the following modern philosophers conceptualised - ''philosophy as a whole is like a tree whose roots are metaphysics, whose trunk is physics and whose branches, which issue from this trunk, are all the other sciences'' ?

(1) Spinoza (2) Berkeley (3) Descartes (4) Leibnitz

36. Consider the following statements in the light of Spinozas' theory of knowledge and mark the correct code.

(a) Obscure and inadequate ideas have their source in sensation and the imagination.

(b) Reason comprehends the Universal essences of things and understands these in their relation to God.

(c) Intuitive knowledge advances from an adequate idea of the objective essence of certain attributes of God to the adequate essence of things.

Codes :

(1) Only (a) and (c) are true (2) Only (b) and (c) are true

(3) Only (c) is true (4) (a), (b) and (c) are true

32. 'जन्म जात प्रत्यय' सिद्धांत निम्नलिखित में से किसको स्वीकार्य है?

(1) डेकार्ट और स्पिनोजा
(2) डेकार्ट और बर्कले
(3) डेकार्ट और ह्यूम
(4) लॉक और फित्शे

33. ईश्वर के अस्तित्व के समर्थन में 'सत्तामीमांसा युक्ति' को निम्नलिखित में से किसने विख्यात किया?

(1) डेकार्ट
(2) डेकार्ट और सेंट एन्सेल्म
(3) ह्यूम
(4) बर्कले

34. लॉक्स के 'प्रत्यय' विचार को निम्नलिखित में **सही** रूप से कौन चित्रित करता है?

(1) जिसको मनस अप्रत्यक्ष रूप से स्वीकार करता है, जो प्रत्यक्ष, विचार अथवा बुद्धि की त्वरित वस्तु है।
(2) जिसको मनस प्रत्यक्ष रूप से स्वीकार करता है, जो प्रत्यक्ष, विचार अथवा बुद्धि की त्वरित वस्तु है।
(3) जिसको मनस अप्रत्यक्ष रूप से स्वीकार करता है, जो प्रत्यक्ष, विचार अथवा बुद्धि की परोक्ष वस्तु है।
(4) जिसको मनस प्रत्यक्ष रूप से स्वीकार करता है, जो प्रत्यक्ष, विचार अथवा बुद्धि की परोक्ष वस्तु है।

35. निम्नलिखित में से किस आधुनिक दार्शनिक ने संकल्पना की है – ''दर्शनशास्त्र संपूर्ण रूप में एक वृक्ष की भाँति है जिसकी जड़ें तत्वमीमांसा, जिसका तना भौतिक विज्ञान और जिसकी शाखाएं, जो तने से उभरती हैं, सभी अन्य विज्ञान है।''

(1) स्पिनोज़ा
(2) बर्कले
(3) डेकार्ट
(4) लाइबनिट्ज़

36. निम्नलिखित कथनों पर स्पिनोज़ा के ज्ञान के सिद्धांत के आलोक में विचार कीजिए और **सही** कूट का चयन कीजिए :

(a) अस्पष्ट और अपर्याप्त विचार संवेदन और कल्पना में अपना स्रोत रखते हैं।
(b) तर्क वस्तुओं के सार्वभौमिक तत्त्वों को ग्रहण करता है और इनको ईश्वर के संबंध में समझता है।
(c) प्रातिभ ज्ञान ईश्वर के कुछ गुण के वस्तुगत सार के पर्याप्त विचार के साथ वस्तुओं के पर्याप्त सार की ओर बढ़ता है।

**कूट :**

(1) केवल (a) और (c) सही हैं
(2) केवल (b) और (c) सही हैं
(3) केवल (c) सही है
(4) (a), (b) और (c) सही हैं

37. Which one of the following statements is true with reference to the doctrine of Force of Leibnitz ?

(1) Force persists when motion ceases, as it is the ground of motion.

(2) Extension is the essential attribute of body.

(3) There is no substance that is an expression of force.

(4) What is active is Unreal.

38. Which one of the following statements is true with reference to Berkeley ?

(1) Berkeley makes use of the basal empiricism of Locke to establish idealism and thereby endorses materialism and atheism.

(2) Berkeley makes use of the basal empiricism of Locke to establish idealism and thereby refutes materialism and atheism.

(3) Mind has the capacity to frame abstract ideas.

(4) Existence of an object does not depend on being perceived or known by the mind.

39. The so called relation between cause and effect according to Hume is :

(1) inferred prior to experience

(2) based on observation and experience

(3) effect is immanent in the cause

(4) both are necessarily connected

40. Antinomy of Pure Reason is dealt with by Kant in his doctrine of :

(1) Transcendental Theology (2) Transcendental Cosmology

(3) Transcendental Psychology (4) All the above

37. लाइबनिट्ज़े के शक्ति सिद्धांत के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा कथन **सही** है?

(1) शक्ति तब भी रहती है जब गति रुक जाती है क्योंकि यह गति का आधार है।

(2) विस्तार शरीर का आवश्यक गुण है।

(3) कोई भी द्रव्य नहीं है जो शक्ति की अभिव्यक्ति हैं।

(4) जो सक्रिय है वह अवास्तविक है।

38. निम्नलिखित में से कौन सा कथन बर्कले के संदर्भ में सही है?

(1) बर्कले, लॉक के मूल अनुभववाद का प्रयोग प्रत्ययवाद की स्थापना के लिए करता है और इसके परिणाम स्वरूप भौतिकवाद और नास्तिकवाद का समर्थन करता है।

(2) बर्कले, लॉक के मूल अनुभववाद का प्रयोग प्रत्ययवाद की स्थापना के लिए करता है और इसके परिणाम स्वरूप भौतिकवाद और नास्तिकवाद को अस्वीकार करता है।

(3) मन में अमूर्त प्रत्यय की रचना की क्षमता होती है।

(4) किसी वस्तु का अस्तित्व उस वस्तु के मन के द्वारा प्रत्यक्ष होने या ज्ञान होने पर निर्भर नहीं करता।

39. ह्यूम के अनुसार कारण और कार्य के बीच तथाकथित संबंध निम्नलिखित में से है :

(1) अनुभव से पूर्वानुमान।

(2) निरीक्षण और अनुभव पर आधारित।

(3) कार्य-कारण में निहित है।

(4) दोनों एक दूसरे से अनिवार्य रूप से संबद्ध है।

40. कांट ने शुद्ध बुद्धि के विप्रतिषेध की व्याख्या अपने निम्नलिखित में से किस सिद्धांत में की है?

(1) अनुभवातीत ईश्वर विज्ञान (2) अनुभवातीत सृष्टि विज्ञान

(3) अनुभवातीत आत्म विज्ञान (4) उपर्युक्त सभी

41. 'Elementary propositions depict the picture of Reality' is formulated by :

(1) Moore (2) Russell (3) Wittgenstein (4) Husserl

42. Match the List - I with List - II and choose the correct answer from the code given hereunder :

| | List - I | | List - II |
|---|---|---|---|
| (a) | Husserl | (i) | Verification theory |
| (b) | A.J. Yer | (ii) | Category mistake |
| (c) | William James | (iii) | Epoche |
| (d) | G. Ryle | (iv) | Pragmatic theory |

Codes :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (2) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (3) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (4) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

43. Which of the following book is authored by Heidegger ?

(1) *Lebenswelt* (2) *Being and Time* (3) *Pragmatism* (4) *Phenomenology*

44. Logical positivism rejects the metaphysics on the following grounds :

(1) Metaphysical questions are beyond the limit of the categories of Human understanding.

(2) Metaphysical questions are doubtful.

(3) Metaphysical questions are non-sensical as they are non-verifiable.

(4) Metaphysical questions are beyond space and time.

41. ‘प्राथमिक वाक्य वस्तु का सही चित्र प्रदर्शित करते हैं’, निम्नलिखित में से किसके द्वारा प्रतिपादित किया गया?

(1) मूर (2) रसेल (3) विट्गेन्स्टीन (4) हुसर्ल

42. **सूची** - I को **सूची** - II के साथ सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूटों में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची** - I | | **सूची** - II | |
|---|---|---|---|
| (a) | हुसर्ल | (i) | सत्यापन सिद्धान्त |
| (b) | ए.जे. एयर | (ii) | कोटि दोष |
| (c) | विलियम जेम्स | (iii) | इपोके |
| (d) | जी. राइल | (iv) | उपयोगितावादी सिद्धांत |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (2) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (3) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (4) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

43. निम्नलिखित में से कौन-सी पुस्तक हाइडेगर के द्वारा लिखी गयी है?

(1) *लेबन्सवेल्ट* (2) *बीइंग एंड टाइम* (3) *प्रैगमेटिज़्म* (4) *फिनॉमिनोलॉजी*

44. तार्किक भाववाद निम्नलिखित में से किस आधार पर तत्त्वमीमांसा को अस्वीकार करता है?

(1) तत्त्वमीमांसीय प्रश्न मानवीय बुद्धि विकल्पों की सीमा से परे हैं।

(2) तत्त्वमीमांसीय प्रश्न संदिग्ध है।

(3) तत्त्वमीमांसीय प्रश्न अर्थहीन हैं क्योंकि वे असत्यापनीय हैं।

(4) तत्त्वमीमांसीय प्रश्न देश और काल से परे हैं।

45. According to G. Ryle which one of the following is correct ?

(1) All the physical events are reducible to the mental events.

(2) All the mental events are reducible to the physical events.

(3) Both kinds of events are inter reducible to each other.

(4) None of the above

46. Moore's atomistic analysis is supposed to be the reaction against :

(1) Kantian dichotomy between Epistemology and Ontology.

(2) Hegelian identity between thought and being.

(3) Bradleian Absolutism.

(4) All the above.

47. Consider the Assertion (A) and Reason (R) and mark the correct option in the light of Kant's view of knowledge.

Assertion (A) : Universality, Necessity and Novelty are the criteria of knowledge.

Reason (R) : Synthetic a priori judgement fulfils all the required criteria of knowledge.

Codes :

(1) (A) and (R) both are true and (R) is the correct explanation of (A).

(2) (A) and (R) both are false and (R) does not provide the correct explanation of (A).

(3) (A) is true and (R) is false and (R) does not provide correct explanation of (A).

(4) (A) is false and (R) is true, and (R) does not provide the correct explanation of (A).

48. Which one of the following is a correct sequence of the existential structures according to Heidegger ?

(1) Existenz, Fallenness, Facticity (2) Existenz, Facticity, Fallenness

(3) Facticity, Fallenness, Existenz (4) Fallenness, Facticity, Existenz

45. जी. राईल के अनुसार निम्नलिखित में कौन-सा एक **सही** है ?

(1) सभी भौतिकवादी घटनाएं मानसिक घटनाओं से नि:सरित होने योग्य हैं।

(2) सभी मानसिक घटनाएं भौतिकवादी घटनाओं से नि:सरित होने योग्य हैं।

(3) दोनों प्रकार की घटनाएं एक-दूसरे से नि:सरित होने योग्य हैं।

(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

46. मूर का परमाणुवादी विश्लेषण, किसके विरुद्ध प्रतिक्रिया के रूप में है ?

(1) कांट की ज्ञानमीमांसा एवं सत्तामीमांसा के बीच द्वन्द्व

(2) हेगल का विचार और सत्ता के बीच तादात्मय

(3) ब्रेडले का परम तत्त्ववाद

(4) उपर्युक्त सभी

47. **अभिकथन** (A) और **तर्क** (R) पर विचार करते हुए कांट के ज्ञान के दृष्टिकोण के आलोक में **सही** विकल्प का चयन करें।

**अभिकथन** (A) : सार्वभौमिकता, अनिवार्यता और नवीनता ज्ञान की शर्तें हैं।

**तर्क** (R) : संश्लेषणात्मक प्रागनुभविक निर्णय ज्ञान की सभी आवश्यक शर्तों को पूर्ण करता है।

**कूट :**

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(2) (A) और (R) दोनों गलत हैं और (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(3) (A) सही है और (R) गलत है और (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(4) (A) गलत है और (R) सही है, और (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

48. हेडेगर के अनुसार, अस्तित्व रचनाओं का **सही** क्रम निम्नलिखित में से क्या है ?

(1) एग्जिसटेंज, फालेननैस, फैक्टिसिटी (2) एग्जिसटेंज, फैक्टिसिटी, फालेननैस

(3) फैक्टिसिटी, फालेननैस, एग्जिसटेंज (4) फालेननैस, फैक्टिसिटी, एग्जिसटेंज

49. Husserl has borrowed the concept of intentionality from the following philosophers :

(1) Kant (2) Hegel (3) Brentano (4) Descartes

50. Consider the Assertion (A) and Reason (R) and mark the correct option in the light of Wittgenstein's views :

Assertion (A) : Every proposition has a clear and definite sense.

Reason (R) : Propositions of everyday life contain complex expressions which are logically proper names.

Codes :

(1) (A) and (R) both are true and (R) is the correct explanation of (A).

(2) (A) and (R) both are false and (R) is not the correct explanation of (A).

(3) (A) is true and (R) is false and (R) is not the correct explanation of (A).

(4) (A) is false and (R) is true and (R) is not the correct explanation of (A).

- o 0 o -

49. हुसर्ल ने विषयापेक्षी की अवधारणा को निम्नलिखित में से किस दार्शनिक से ग्रहण किया ?

(1) कांट (2) हेगल (3) ब्रेन्टानो (4) डेकार्ट

50. **अभिकथन** (A) और **तर्क** (R) पर विचार करते हुए विटगेन्सटीन के विचार के आलोक में **सही** विकल्प का चयन कीजिए :

**अभिकथन** (A) : प्रत्येक तर्क वाक्य एक स्पष्ट और निश्चित अर्थ रखता है।

**तर्क** (R) : दैनिक जीवन के तर्क वाक्यों की मिश्रित अभिव्यक्तियां होती हैं, जो तार्किक रूप से व्यक्ति वाचक नाम हैं।

**कूट :**

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(2) (A) और (R) दोनों गलत हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(3) (A) सही है और (R) गलत है और (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(4) (A) गलत है और (R) सही है और (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

- o 0 o -

**Space For Rough Work**